## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–05.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- 13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज, सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता राज्य के विभिन्न इलाकों का कर रहे हैं दौरा ।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह आज रांची और लोहरदगा में, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कोडरमा और जमशेदपुर में करेंगे चुनावी सभा।
- कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज मांडू और कांके में करेंगे चुनावी रैली।
- स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए जांच अभियान जारी, अब तक एक अरब 47 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध सामग्री और नकद जब्त।
- नहाय–खाय के साथ लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व आज से शुरु।

****************

13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज रांची और लोहरदगा में चुनावी जन सभाओं को संबोधित करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आज जमशेदपुर और कोडरमा में एनडीए उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

****************

इधर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज हजारीबाग और रांची में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी भी 8 और 9 को झारखंड में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

****************

इस बीच भारतीय जनता पार्टी के राज्य चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने वोट बैंक के लिए बंगलादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने रांची में पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि राज्य में अगली सरकार एनडीए की बनेगी।

****************

इधर, झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। रांची के हटिया विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने भाजपा पर सामाजिक विद्वेष फैलाने का आरोप लगाया।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 नवंबर को फिर झारखंड आयेंगे। पार्टी के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने रांची में पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 नवंबर को श्री मोदी की बोकारो और गुमला में चुनावी सभा होगी। इसके साथ ही रांची में रोड शो का भी प्रस्ताव दिया गया है।

****************

राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए जांच अभियान जारी है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक एक अरब 47 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के 31 मामले दर्ज किये गये हैं।

****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की, जहां पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

****************

विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए राज्यभर में कई पहल की जा रही है। इस कड़ी में साहिबगंज जिले में नुक्कड़ नाटक, रैली और प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

****************

आइपीएस अधिकारी अंबर लकड़ा देवघर के नये एसपी होंगे। राज्य सरकार द्वारा भेजे गये पैनल में से चुनाव आयोग ने श्री लकड़ा के नाम पर स्वीकृति प्रदान कर दी है।

****************

नहाय–खाय के साथ लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ आज से शुरु हो रहा है। कल छठव्रती खरना का अनुष्ठान करेंगी जबकि सात नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य अर्पित किया जायेगा। आठ नवंबर को सबेरे उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही यह महापर्व सम्पन्न हो जायेगा।

****************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गढ़वा और चाईबासा में हुई चुनावी सभा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– इंडिया ब्लॉक घुसपैठियों का गठबंधन, इसे उखाड़ फेंके। प्रभात खबर भी प्रधानमंत्री के हवाले से लिखता है– झारखंड मं अत्याचारी शासन, उखाड़ फेंके।

हिन्दुस्तान ने अंबर लकड़ा को देवघर का नया एसपी बनाये जाने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है। दैनिक जागरण के शब्द हैं– मुख्यमंत्री हेमंत का हेलीकाप्टर रोका।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– धनबाद में तेज रफ्तार पिकअप वैन ने चार को कुचला, तीन की मौत।

*****समाप्त***********